10 उच्च शिक्षा का स्तर सुधारने सामूहिक प्रयास ...





08 आंधी से 123 ट्रांसफार्मर के फ्यूज पिघले...





REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41


## श्रीकृष्ण भक्त माता कर्मा मंदिर का भूमिपूजन



**नवागढ़।** ग्राम तोरा में श्रीकृष्ण भक्त माता कर्मा मंदिर का भूमिपूजन आज किया गया। जिसमें नवागढ़ तहसील के अध्यक्ष प्रेमु साहू ने कहा कि साहू समाज एक संगठित और आदर्श विचार वाला बड़ा समाज है। मां कर्मा के आदर्श और विचारों पर चले समाज के लोग और सर्व समाज के साथ बंधुत्व की भावना रखें। इस अवसर पर दिनबधु, शत्रुहन, सरोजनी साहू , जीवनधर साहू सरपंच, बड़े विजय, मनीष साहू सरपंच, चन्द्रशेखर, दीपक,त्रिलोक साहू, राजकुमार, धनुष, हितेश, सरवा साहू ह्रिरदेश, जितेन्द्र,साहू,बरतिया साहू, रामचन्द, कार्तिक, गोवर्धन , कृष्णा सिकुमार मनाराम केदार सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

### लोकसभा चुनाव: भाजपा प्रत्याशी बघेल को मिले 9 लाख 54 हजार 356 मत

# विजय ने रचा इतिहास, दूसरी बार 4.37 लाख वोटों से जीते, अपने ही रिकार्ड को तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र का 2024 का चुनाव परिणाम इतिहास रच गया। भाजपा प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल ने ज्यादा वोटों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू हो पराजित कर अपने ही रिकार्ड को तोड़ दिया। भाजपा प्रत्याशी विजय को 9 लाख 54 हजार 356 मत मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी साहू को 5 लाख 17 हजार 277 वोट प्राप्त हुए। इस लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लगातार दूसरी बार सांसद बने हैं। उन्होंने रिकार्ड 4 लाख 37 हजार 79 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। खास बात यह रही कि हर राउंड में भाजपा प्रत्याशी बघेल रहे।

दुर्ग लोकसभा के अंतर्गत जिले की बेमेतरा , साजा, नवागढ़, मिलाकर 9 विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। हर राउंड में भाजपा प्रत्याशी बघेल 5 हजार से अपनी बढ़त बनाए रखी और आखिर में रिकार्ड मतों से विजयी हुए। पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाईनगर, वैशालीनगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को लीड मिलती रही। निर्वाचन के आंकड़ों अनुसार कांग्रेस के विधायक होने के बावजूद भिलाई नगर व पाटन विधानसभा में भी कांग्रेस पीछे रही है। ▶▶| शेष पेज 09 पर

### कांग्रेस का विधायक होने के बावजूद पाटन व भिलाई से पीछे रहे राजेन्द्र



### दुर्ग लोकसभा के अब तक के सांसद

वर्ष 1952: वासुदेव एस किरोलिकर, गुरु गोसाई अगमदास जी, भगवतीचरण शुक्ल मनोनित
वर्ष 1957-1962: मोहनलाल बाकलीवाल कांग्रेस
वर्ष 1967: विश्वनाथ ताम्रकार कांग्रेस
वर्ष 1968, 1971 चंदूलाल चंद्राकर कांग्रेस
वर्ष 1977 मोहन जैन जनता पार्टी
वर्ष 1980, 1984 चंदूलाल चंद्राकर कांग्रेस
वर्ष 1989 पुरूषोत्तम कौशिक जनता दल
वर्ष 1991, चंदूलाल चंद्राकर कांग्रेस
वर्ष 1996, 1998 ,1999 और 2004 ताराचंद साहू भाजपा
वर्ष 2009 सरोज पांडेय भाजपा
वर्ष 2014 ताम्रध्वज साहू कांग्रेस
वर्ष 2019 विजय बघेल भाजपा
वर्ष 2024 विजय बघेल भाजपा

### राजेंद्र का दुर्ग में निवास व मूल बेमेतरा पर दोनों जगह बड़ी हार

बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के बेरला ब्लॉक के मूल निवासी हैं पर दुर्ग शहर में कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू रहते हैं। यहां से ही अपनी राजनीति की शुरूआत की। इस विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय महापौर चुनाव लड़े और जीतते-जीतते हार गए थे। दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी वे रहे। उसके बाद भी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ें। कांग्रेस प्रत्याशी साहू को दुर्ग शहर व बेमेतरा से ही सबसे बड़ी हार मिली। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को दुर्ग शहर व बेमेतरा विधानसभा से हर राउंड में सबसे ज्यादा वोट मिले। हालांकि वैशाली नगर से सर्वाधिक भाजपा को लीड मिली परंतु दुर्गा और बेमेतरा से कांग्रेस प्रत्याशी का अत्यधिक महत्व रहा है इन दोनों स्थानों से भी भाजपा प्रत्याशी विजय रिकार्ड मतों से जीत गए।

### 18वें सांसद बने विजय बघेल सातवीं बार भाजपा की जीत

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र कभी कांग्रेस पार्टी का गढ़ था, जिसमे बेमेतरा जिले में भी तूती बोलती थी। यहां हुए शुरुआती 6 चुनाव 1952 से 1971 में कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की। 1977 में यहां जनता पार्टी ने विजय हासिल किया। इसके बाद फिर दो चुनाव में कांग्रेस जीती। 1989 में यहां जनता दल की जीत हुई। 2014 से पहले यहां हुए 18 चुनाव उपचुनाव समेत में कांग्रेस पार्टी ने 10 बार जीत दर्ज की जबकि बीजेपी 6 बार जीत दर्ज करने में कामयाब हुई है। यह 2024 में सातवीं बार फतह हासिल करने में सफलता पाई। अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल से दुर्ग संसदीय क्षेत्र से सांसद की सदस्यता शुरू हुई थी। वर्ष 1952 में अस्तित्व में आए संसदीय क्षेत्र में पहले सांसद वासुदेव एस किरोलिकर, गुरु गोसाई अगमदास और भगवतीचरण शुकल मनोनित हुए। उसके बाद से हुए चुनाव में वर्ष 1957 और वर्ष 1962 में मोहनलाल बाकलीवार चुने गए। तब से लेकर अब तक विजय बघेल 18 वें सासंद चुने गए हैं। पिछले वर्ष 2019 के चुनाव में भी उन्हे ही सांसद जनता ने चुना था।

### 4.37 लाख वोटों के अंतर से रिकार्ड टूटा

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने इस बार सर्वाधिक जीत का अपना ही रिकार्ड तोड़ दिया। वर्ष 2019 को हुए लोकसभा चुनाव में बघेल को कुल 8 लाख 49 हजार 374 मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकर को 4 लाख 57 हजार 369 वोट प्राप्त हुए थे। इस तरह भाजपा प्रत्याशी बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिमा को रिकार्ड 3 लाख 91 हजार 978 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया था। इस बार भाजपा प्रत्याशी बघेल को 9 लाख 54 हजार 356 वोट मिले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को 5 लाख 17 हजार 277 वोट मिले। इस तरह भाजपा प्रत्याशी बघेल ने अपना ही पिछला रिकार्ड तोड़ते हुए 4 लाख 37 हजार 79 वोटों से जीत दर्ज की है। जो रिकार्ड बना।

## बादल की गड़गड़ाहट के साथ हुई बूंदाबांदी



**बेरला।** ब्लॉक सहित ग्रामीण अंचल में काली घटा के साथ आंधी ने जमकर उत्पात मचाया। बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बूंदाबांदी हुई। मौसम के परिवर्तन को देख किसान व पशुपालक खलिहानों में रखे पैरावट को झिल्ली से ढंकने लगे। तूफान जैसे ही शुरू हुआ बिजली भी बंद हो गई और हवाओं के साथ रुक-रुक कर बूंदाबांदी हुआ। कुछ ही पल में बारिश तो रुक गई। देर शाम तक रुक-रुक कर ठंडी-ठंडी हवा चलता रहा। आपको बता दें कि जून महीने लगते ही तापमान में परिवर्तन होने लगा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट आने लगी है। जिससे लोगो को गर्मी से राहत मिलने लगी है। इससे लोगो ने मानसून बहुत जल्द आने की आशंका भी जताई है। वही ग्राम सलधा निवासी सुदर्शन साहू ने बताया कि पिछले वर्ष 20 जून को मानसून आया था लेकिन इस वर्ष 13 जून 2024 को मानसून आ रहा है। इस बार पिछले साल की तुलना में जल्द मानसून आ रहा है।

## कलेक्टर ने किया आयुष विंग का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला अस्पताल परिसर में आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र याने आयुष विंग का कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। ज़िला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.आर.चुरेंद्र विभिन्न विभागों के अधिकारी, चिकित्सक उपस्थित थे।

■ चिकित्सालय में दाल- भात केंद्र भी देखा

ज़िला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा ने आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के की जानकारी दी। उन्होंने इस आयुष विंग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। कलेक्टर ने आयुर्वेद के महत्व का ज़िक्र करते हुए कहा कि प्राचीन चिकित्सा पद्धति न केवल रोगों के उपचार में बल्कि उनकी रोकथाम में भी अत्यंत प्रभावी है। ▶▶| शेष पेज 09 पर

### पंचकर्म, हर्बल उपचार देंगे, कराएंगे योगा

डॉ. वीणा मिश्रा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र में विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें पंचकर्म, हर्बल उपचार और योग शामिल हैं। इस केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम नियुक्त की गई है जो मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा प्रदान करेगी। आयुष विंग का यह नया केंद्र जिले के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में दाल भात केंद्र का भी निरीक्षण किया।


हरिभूमि **पाठक सूचना**
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411


## पीएटी, पीवीपीटी की परीक्षा कल

**बेमेतरा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 9 जून को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक पीएटी, पीवीपीटी (PVPT24) परीक्षा 2024 आयोजित है। जिसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत्त कुल 1095 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 3 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान, कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा सम्मिलित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा। व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है।




## खबर संक्षेप




### दस जून से निशुल्क प्रशिक्षण

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु 10 जून से निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जून को फास्ट फूड मेकिंग का प्रशिक्षण (10 दिन तक), 20 जून को आर्टिफीशियल ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण (13 दिन तक), 28 जून को कम्प्यूटर एकाउंटिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक), 15 जुलाई को फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण (30 दिन तक) एवं 27 जुलाई को मोबाईल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण (30 दिन तक) दिया जाएगा।

# तूफान से 123 ट्रांसफार्मर के फ्यूज पिघले और 73 के डीओ भी उड़े

## बिजली बहाल करने में चार दिन लगे, बिजली तार पर गिरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों आंधी तूफान ने जिलेभर में जमकर तबाही मचाई है। दो जून को व्यापक पैमाने पर जिले में बिजली बाधित हुई थी। जिसे निर्बाध बनाए रखने में चार दिन का समय लग गया। बहरहाल बिजली कंपनी का दावा है कि, व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई है।

आंधी-तूफान से लगभग 2 दर्जन स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं बिजली लाइनों पर गिर गई थी। हवा के वेग से बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। अफसरों की माने तो इस व्यवधान को विद्युत कर्मियों ने चंद घंटों में ही



ठीक कर दिया और विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी। जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि, जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद तथा एमडी पारेषण एवं वितरण राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी है। यही वजह है कि, 2 जून 2024 की दोपहर दुर्ग के उत्तरी क्षेत्र में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए, तब दुर्ग के विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला।

लगभग 2 दर्जन स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर एच.टी. तथा एल.टी. लाइनों पर गिर गई थी। जिन्हें खोजकर हटाया गया, साथ ही 6 बिजली खंभे, 33 के.व्ही. क्षमता का 1 नग, 11 के.व्ही. क्षमता के 5 नग, सहित अनेक फीडर ब्रेक-डाउन का शिकार हो गए। इस घटना से 73 ट्रांसफॉर्मर के डी.ओ. फ्यूज उड़ गए।

### विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस वोट बैंक में कमी

# छह माह में ही कम हुए कांग्रेस पार्टी के एक लाख 45 हजार वोट

## संसदीय क्षेत्र की पूरी नौ सीट में रहा खराब प्रदर्शन, हर राउंड में पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधानसभा चुनाव के छः माह बीतने के बाद ही कांग्रेस का वोट प्रतिशत करीब डेढ लाख तक कम गया। विधानसभा चुनाव में जहां संसदीय क्षेत्र के नौ सीटों पर कांग्रेस को 6 लाख 63 हजार 194 वोट हासिल हुए थे, वह लोकसभा में कम होकर 5 लाख 17 हजार 525 तक रह गए। इस तरह कांग्रेस की वोटिंग प्रतिशत 1 लाख 45 हजार 669 तक गिर गई है।

विधानसभा के मुकाबले लोकसभा में कांग्रेस को मिले वोट बैंक की तुलना की जाए, तो कांग्रेस के नेता अपने वोटरों को साधने में नाकाम रहे है। यही कारण हैं कि, कांग्रेस की वोट बैंक को महज छः माह में ही भाजपा ने झटक लिया और कांग्रेस को बुरी तरह से हार का सामना करना पड गया। बडी बात यह हैं कि, विधानसभा चुनाव में भिलाई नगर और पाटन के जीत वाली सीट से भी बढत नही बना पाई। कांग्रेस के इन दोनो सीटो पर भाजपा ने तय रणनीति के तहत सेंध लगाने में कामयाब रही। पाटन में हार का सबसे बडा नुकसान पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधायक भूपेश बघेल को झेलना पड गया है। क्योंकि भूपेश बघेल के करीबी रहे राजेन्द्र साहू को पाटन की जनता से निराशा हाथ लगी है।

**खास बातें**

- समीक्षा की घड़ी में भी कांग्रेस भवन में सन्नाटा
- संसदीय सीट के हर राउंड में हारती गए कांग्रेस प्रत्याशी
- आखिरी समय में पार्टी नेताओं का भिड़ना भी नुकसानदायक
- राजेन्द्र साहू को पाटन की जनता से निराशा हाथ लगी




### पाटन और भिलाई नगर में गिरे वोट

विधानसभा चुनाव में पाटन से प्रत्याशी रहे भूपेश बघेल को यहां से 95438 वोट मिले थे। ऐसे में ऐसी उम्मीद थी कि, लोकसभा में यह आंकडा उछाल मारेगा। लेकिन लोकसभा में प्रत्याशी रहे राजेन्द्र साहू को छः माह बाद यहां से सिर्फ 72424 वोट ही मिले है। ऐसे में यहां से कांग्रेस प्रत्याशी को विधानसभा के मुकाबले 23014 वोट कम मिले हे। जबकि लोकसभा में भाजपा को यहां से 97607 वोट और कांग्रेस को सिर्फ 72424 वोट मिले है। इसी तरह भिलाई नगर में विधानसभा में देवेन्द्र यादव को 54405 वोट मिले थे। जबकि लोकसभा में यह कम होकर 33463 हो गए।

### संगठन का साथ नहीं, अपनों की रही दूरी

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जिला संगठन का साथ कांग्रेस प्रत्याशी को नही मिला। हांलाकि कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने पूरी ताकत झोंक दी थी। लेकिन इतने बडे लोकसभा क्षेत्र को छुने में कही न कही कमी रह गई। चाहे दुर्ग संगठन हो या भिलाई संगठन हो, उन्हें आखिरी समय तक साथ मिलता नही दिखा। दुर्ग कांग्रेस कमेटी के नेता तो प्रचार प्रसार करने मुहूर्त का इंतजार करते रहे। अंतिम पडाव में दुर्ग संगठन के नेता प्रचार में निकले थे। आखिरी समय में कांग्रेस भवन में प्रत्याशी को अपना मोबाइल नंबर टांगना पड गया था।

# बगैर हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, लगाएंगे बैनर पोस्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी दिनों बगैर हेलमेट के पेट्रोल नही मिलेगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा मुहिम चलाई जाएगी। कलेक्टर ने सभी पेट्रोल संचालको की बैठक लेकर हिदायते दी गई है। जिसके तहत अब हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल मिल सकेगा।

जिले में दोपहिया वाहन चालकों की बड़ी संख्या है तथा सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा क्षति दोपहियां वाहन चालकों एवं उनके परिवारजनों को होती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं से दोपहियां वाहन चालकों को होने वाली क्षति की रोकथाम के संबंध में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग अरविन्द एक्का की अध्यक्षता में परिवहन विभाग, खाद्य विभाग एवं पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

### पेट्रोल संचालक करेंगे प्रचार प्रसार

बैठक में निर्णय लिया गया कि, सभी पेट्रोल पंप संचालक अपने परिसर में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता एवं हेलमेट नही तो पेट्रोल नही, के संबंध में बैनर प्रदर्शित करेंगे तथा बिना हेलमेट के पेट्रोल भराने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने पर ही पेट्रोल उपलब्ध कराये जाने की जानकारी देंगे। हेलमेट के उपयोग के लिए जागरूक करने हेतु पुलिस विभाग, यातायात शाखा द्वारा भी नियमित जांच एवं उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# आवासीय कालोनियों में कैच द रेन के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियो की टीम बनी है जो आवासीय कालोनियो में जाकर वहां के पदाधिकारियो से बैठक करते है उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताते है सभी इस बात से सब सहमत होते है कि हमे वर्षा का जल बचाना है सभी की उपस्थिति में शासन द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार कालोनियो के क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए वहां गढढा बनाया जाता है। उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गढढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर को बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच द रेन पिट बनाया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि नगर निगम के जितने भी शासकीय भवन, सार्वजनिक भवन, उद्यान, सांस्कृतिक भवन आदि सभी जगहो में बरसात के जल को संरिक्षत करने के लिए सोख पिट बनाया जाये। उन्होने सभी नागरिको से



अपील की है कि नगर निगम के इस अभियान में सहयोगी बने अपने घर से निकलने वाले बरसात के पानी को सीधे नालियो में न जाने दे सोख पिट बना के संरक्षित करें। नगर निगम भिलाई इसमें पुरी तरह से इस अभियान में सहयोग करेगा, हम सब मिलकर ही अपने वाले आने वाली पीढ़ही के लिए जल बचा सकते है।

भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी शिव शक्ति अपाटमेंट, शिव कृपा अपाटमेंट, ग्रे्स भिलाई गणपति कालोनी, दिलीप परिसर, श्रीराम हाईटस, शकुंतला अपाटमेंट, राधिका अपाटमेंट, आम्रपाली कालोनी इत्यादि कालोनियो में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को व्यवस्थित करवाये है। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी आवासीय कालोनियो के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें बेस्ट रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम को लगाने वाले, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कालोनी से निकलने वाले गिले एवं सूखे कचरे को सेग्रिगेट करने वाले, साफ सुथरा कालोनी को रखने वाले, कालोनी के गार्डन से निकलने वाले पत्तो से खाद बनाने वाले आदि सभी हाउसिंग सोसायटीयो के बीच में खुली प्रतियोगिता रखी जा रही है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले अपाटमेंट को नगर निगम भिलाई द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। उस कालोनी का नाम शासन स्तर के प्रतियोगिता के लिए आगे भी भेजा जायेगा।

# कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25 मई को झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं अन्य शहीद कांग्रेस के नेतागण व सुरक्षाकर्मियों को आज दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई सर्वप्रथम सभी शहीदों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके किए गए कार्यों को याद किया गया एवं उनकी शहादत को नमन किया गया

- झीरम घाटी के शहीदों की दी श्रद्धांजलि

अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि नक्सलवादियों ने झीरम घाटी में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर आघात किया एवं उनकी हत्या कर पूरे मानव जाति को कलंकित किया यह अपने आप में मन को दुखी करने वाला कार्य था यह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए नुकसान था अपितु छत्तीसगढ़ की जनता के लिए भी अभूतपूर्व क्षति है जिसकी भरपाई करना नामुमकिन है प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार पटेल जी ने परिवर्तन यात्रा प्रारंभ कर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक आंदोलन तैयार किया और वह परिवर्तन यात्रा का जनता पर व्यापक असर हो रहा था। आज हम उन नेताओं को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस माटी का कर्ज चुकाया यह सदैव हमारे ह्रदय में रहेंगे एवं इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर कांग्रेस पार्टी सदैव चलती रहेगी इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गया पटेल , पूर्व उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग आर एन वर्मा, परमजीत सिंह भुई ,ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा राजकुमार साहू प्रवक्ता नासिर खोखर, पार्षद राजकुमार नारायणी, बृजलाल पटेल, पूर्व एल्डरमैन रत्ना नारामदेव, देव सिन्हा ,कृष्णा देवांगन महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर पप्पू श्रीवास्तव, दुष्यंत देवांगन, कौशल किशोर सिंह, विमल यादव , त्रिशरण डोंगरे,फिरोज खान , कल्याण सिंह ठाकुर, छोटेलाल यादव,निर्मला साहू , अली असगर आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का होगा आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत के रूप में आदर्श संरचना मानते विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर एक विशेष उत्सव मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवागन के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर के पास विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है।

अमृत सरोवर के किनारे 5 जून को हर साल विश्व पर्यावरण दिवस यानी 'वर्ल्ड एनवारयमेंट डे मनाया जा रहा है। लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जाता है। साथ ही ग्राम पंचायतों में रैली कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जलवायु परिवर्तन के के बारे में जानकारी दिया गया। विश्वं पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों के पास विशेष उत्सव आयोजित किया गया इस मौके पर अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान, सफाई गतिविधियां जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित भी चलाया जा रहा है। जल निकायो के कायाकल्प एवं जीर्णोद्वार के सकारात्मक प्रदर्शित हो सके।

### बरगद पेड़ के नीचे की पूजा-अर्चना, मांगी खुशहाली

# पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वट सावित्री के दिन गुरूवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामनाएं की। जिलेभर में महिलाओं ने वट सावित्री की विधि विधानसे पूजा अर्चना किया। इस पर्व को शहर से अंचल तक महिलाओं ने धूमधाम से मनाया।

दुर्ग शहर के न्यू आदर्श नगर जोन 3 मार्ग 8 मार्ग स्थित गार्डन समेत अनेकों स्थानों में आज सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। वहीं, वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। वट वृक्ष को मौसमी फल अर्पित कर कच्चे सूत से बांधने और महिलाओं ने आस्था के साथ इसकी परिक्रमा कर पूजा के बाद वट सावित्री कथा भी



सुनी। उल्लेखनीय है कि, जेष्ठ मास के अमावस्या के दिन पडने वाले इस पर्व में सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर वट वृक्ष की बारह बार परिक्रमा की और फल फूल चढाकर सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती है। इस व्रत का विशेष महत्व है। जहां घरों में नई-नवेली दुल्हनों के साथ सुहागिन महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे पहुंची। वट सावित्री पूजा के दौरान स्वेता बक्शी सहित बड़ी संख्या सुहागिनी महिलाएं में वट में कच्चा सूत्र लपेटकर परिक्रमा किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि, वट सावित्री पूजन करना फलदायक होता है। व्रत रखने वाली महिलाओं के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण को यमराज से वापस मांगकर लाई थीं, तब से इस व्रत को सुहागिन करती चली आ रही है।

### पूजा नहीं होने तक त्याग देती है जल

वट सावित्री व्रत में महिलाएं 108 बार बरगद की परिक्रमा करती हैं। कहते हैं कि, वट सावित्री पूजन करना बेहद फलदायक होता है। महिलाओ ने ये भी कहा कि इस दिन महिलाएं सुबह से स्नान कर लेती हैं और सुहाग से जुडा हर श्रृंगार करती हैं। जब तक पानी नहीं पीती हैं। जब तक वह पूजा नहीं कर लेती हैं। वट वृक्ष पूजन में सालभर में जो 12 महिने होते है। उसके अनुसार सभी वस्तुएं भी 12 ही चढाई जाती हैं। कच्चे धागे का जनेऊ बनाकर उसको अपने गले में धारण करती है।

# शाखा प्रबंधक और समिति कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत सरकार, सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना अत्तर्गत 'पैक्स कम्प्यूटराईजेशन' देश के समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन राज्य शासन के आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ रायपुर, नाबार्ड रायपुर एवं अपेक्स बैंक रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के कार्यक्षेत्र तीनों जिले दुर्ग, बालोद व बेमेतरा की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी बैंक ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टर कार्यालय दुर्ग में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अंतर्गत जिले से प्रथम गो-लाईव करने वाली शाखा एवं सहकारी समितियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले शाखा प्रबंधक एवं समिति कर्मचारी जिला बालोद से श्री हेमलाल गजेन्द्र शाखा प्रबंधक, शाखा बालोद एवं अधीनस्त समितियों के प्रभारी क्रमशः मधुसूदन देशमुख बालोद व मेढ़की, जगतराम साहू पाररास व तरीद, सुशीलदास मानिकपुरी साकरा (ज) है। जिला बेमेतरा से एस. के जागड़े, शाखा प्रबंधक शाखा बेमेतरा, विनोद राजपुर समिति बेमेतरा, रोशन बैस लोलेसरा व मोहतरा, उत्तरा टंडन डूण्डा, लल्लू, वर्मा को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### ई-वे बिल की पूर्व अधिसूचना यथावत रखने राज्य जीएसटी आयुक्त बंसल को ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव के नेतृत्व में राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ई-वे बिल की पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने ज्ञापन सौंपा। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा दिए जा रहे विभिन्न नोटिसों पर स्वतः रोक लगाने आग्रह किया। इस दौरान प्रदेशभर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सौंपी गई। राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस संबंध में उचित कदम उठाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने चैंबर के प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार जितेंद्र दोशी, अमर गिदवानी, परमानंद जैन, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, जयराम कुकरेजा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### धोबी समाज के महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर, वित्त मंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** शहर जिला धोबी समाज का 9 जून को बोईर दादर चौक ईडन गार्डन रायगढ़ में होने वाले महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर गुरुवार को रायगढ़ पहुंचे और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जिला प्रशासन से सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य विषयों पर जानकारी ली तथा पूर्ण सुरक्षा प्रबंध करने का आग्रह किया, जिस पर मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हम अन्य समाज की तरह धोबी समाज के समस्याओं के संबंध में भी गंभीर है और हम आप सबसे सहयोग चाहते हैं और जानकारी लेकर समाज के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे।

### सड़क दुर्घटना का शिकार होकर रोज मर रहे हैं पशु



**रायपुर।** रोज राष्ट्रीय राजमार्गों पर मंडराते हुए पशुधन सड़क दुर्घटना के शिकार होकर मर रहे हैं। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और उनकी टीम गो-सेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय रहती है, उनकी भी योजना गो-वंश को बचाने के लिए बढ़िया एनजीओ शासन-प्रशासन के सहयोग से स्थापित करने की है। इस मौके पर डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के अधीन पशुधन विकास विभाग का पोर्टफोलियो वर्तमान में है और विगत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य में खुले में घूमते हुए घुमंतू पशुओं के लिए गो-अभयारण बनाए जाने की घोषणा हुई है।

# महंत ने कहा- हसदेव अरण्य में जंगल की कटाई तत्काल रोकी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिखकर हसदेव अरण्य कोल फील्ड के सभी कोल ब्लॉक से उत्खनन एवं वृक्षों के विरोहन की गतिविधियों को रोक लगाने एवं कूट रचित उत्तरदायित्व व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद करने के निर्देश देने आग्रह किया है।

उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि सभी कोल ब्लॉक से कोयला उत्खनन एवं वृक्षों के विदोहन की गतिविधियों पर रोक लगाएं और ग्राम सभाओं की कूटरचित कार्यवाहियों के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने निर्देशित करें। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा परसा कोल ब्लॉक मे उत्खनन के लिए आवश्यक अनुमतियां हासिल करने के लिए फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव पास करने के ग्रामीणों के आरोपों की जांच की गई है।

जांच में आयोग ने ग्रामसभा की फर्जी कार्यवाही के आरोपों को प्राथमिक रूप से सही पाते हुए परसा कोल ब्लॉक में खनन के लिए कोई भी अग्रिम कार्यवाही न करते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश 30 मई को किया है। ग्राम सभाओं की बैठकों में प्रस्ताव प्रस्तुत किए बिना ही कूट रचना कर कार्यवाही विवरणों में प्रस्ताव पारित होने का उल्लेख करना गंभीर आपराधिक मामला है। इसे षड़यंत्रपूर्वक अंजाम दिया गया है। कूट रचित कार्यवाही विवरण के कारण ही 2 फरवरी 2022 के भारत सरकार द्वारा कोल ब्लॉक आबंटन रकबा 1136 हेक्टेयर ग्राम परसा तथा केते के लिए अनुमतियां दी गईं।

### 15 हजार से अधिक वृक्षों की कटाई

इसका प्रतिवेदन राज्य सरकार को 2022 में प्राप्त हो चुका है, परंतु इस प्रतिवेदन की अनुशंसाओं की भी घोर उपेक्षा की जाकर राज्य द्वारा कोयला उत्खनन की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2023 की मतगणना का परिणाम आने के बाद और नई सरकार का गठन होने के पहले ही दिनांक 11.12.2023 को हसदेव अरण्य के उपरोक्त कोल फील्ड में 91.130 हेक्टेयर वन क्षेत्र में 15307 नग वृक्षों के विदोहन की अनुमति अधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से जारी कर दी गई, जो अवैधानिक है।





■ नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

### पूर्व राज्यपाल ने मुख्य सचिव से मांगी थी रिपोर्ट

23 अक्टूबर 2021 को छत्तीसगढ़ के तत्कालीन राज्यपाल अनसूईया उईके द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को एक पत्र प्रेषित करते हुए ग्राम सभाओं की कूट रचित कार्यवाहियों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और जांच तक परसा कोल ब्लॉक में उत्खनन संबंधी कार्यवाहियों को रोकने निर्देशित किया गया था। सभी कोल ब्लॉक से कोयला उत्खनन एवं वृक्षों के विदोहन की गतिविधियों पर रोक लगाएं और ग्राम सभाओं की कूटरचित कार्यवाहियों के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने निर्देशित करें।

### विधानसभा पारित हुआ था अशासकीय संकल्प

छत्तीसगढ़ विधान सभा में 26 जुलाई 2022 को सर्व सम्मति से यह अशासकीय संकल्प स्वीकृत किया गया था कि इस सदन का मत है कि हसदेव क्षेत्र में आबंटित सभी कोल ब्लॉक रद्द किये जायें। सम्पूर्ण हसदेव अरण्य कोल फील्ड (जिसमें परसा कोल ब्लॉक शामिल है) पर संविधान की पांचवीं अनुसूची प्रभावी है और इसलिए इस क्षेत्र में पंचायत अनुबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इस अधिनियम की धारा के अनुसार यह आवश्यक है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्रामसभा द्वारा सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं का अनुमोदन किया जाए। परंतु परसा कोल ब्लॉक के मामले में इसका पालन नहीं किया गया है।

## बार नवापारा में पिछले वर्ष हुई थी एक हजार आगजनी की घटनाएं, इस वर्ष महज 21 घटनाएं

# बाघ की धमक से वन्यजीवों के शिकार पर अंकुश, जंगल में आगजनी पर भी लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चार माह पूर्व महासमुंद के रास्ते बलौदाबाजार वनमंडल के बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा अभयारण्य में पड़ोसी राज्य ओडिशा का एक नर बाघ भटकते हुए पहुंचा हुआ है। क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर पूरा वन अमला बाघ की सुरक्षा के लिए जुटा हुआ है। वन अमले की सतर्कता की वजह से बाघ के साथ अभयारण्य में रह रहे अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की सुरक्षा हो रही है। साथ ही बारनवापारा के जंगल में इस वर्ष महज 21 स्थानों में आगजनी की घटना सामने आई है।

खास खबर

गौरतलब है कि पिछले वर्ष सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के गोमर्डा अभयारण्य में भटक कर आए बाघ की करंट लगने के मौत होने की घटना के दो माह बाद बलौदाबाजार वनमंडल में दूसरे बाघ की आमद हो गई। गोमर्डा में बाघ की करंट से मौत होने की घटना से वन विभाग ने सबक लेते हुए बारनवापारा में आए बाघ की सुरक्षा के लिए वन मुख्यालय के दिशा निर्देश पर कार्ययोजना बनाते हुए एनजीओ की मदद ली। एनजीओ की मदद से वन विभाग के अफसर बाघ के मूवमेंट की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### गर्मी में सासर की निगरानी बढ़ाई गई

वन अफसर के मुताबिक गर्मी के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था करने सासर बनाए जाते हैं, जिसमें वन्यजीव पानी पीने के लिए आते हैं। जिस क्षेत्र में बाघ भ्रमण कर रहा है, उस क्षेत्र के सासर में बाघ भी पानी पीने के लिए पहुंच रहा है। इसे देखते हुए सासर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



### लगातार हो रही मॉनिटरिंग

बारनवापारा में बाघ की मौजूदगी है। बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही वनकर्मियों की टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। बाघ की सुरक्षा के लिए एनजीओ की भी मदद ली जा रही है। इसके चलते जंगल में आग लगने के साथ शिकार की घटना पर अंकुश लगा है।

- **मयंक अग्रवाल,** डीएफओ, बलौदाबाजार वनमंडल

### शिकार पर अंकुश लगाने एंटी स्नेयर अभियान

क्षेत्र में बाघ की मौजदूगी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग के अफसर दो अलग-अलग एनजीओ की मदद से एंटी स्नेयर अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत वन्यजीवों को जाल में फंसाने के लिए शिकारी जो जाल बिछाते हैं, उस जाल की जब्ती करना है। बलौदाबाजार डीएफओ मयंक अग्रवाल के मुताबिक कुछ जगहों पर शिकारियों द्वारा वन्यजीवों का शिकार करने गड्ढा खोदकर पानी डालकर जहर मिलाने की जानकारी मिलने पर गड्ढा पाटने की कार्रवाई की गई।

### बाघ की मौजूदगी को लेकर सावधानी

वन अफसर बाघ की मॉनिटरिंग करने के साथ ही बाघ जिस क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है, इस बात की जानकारी किसी भी तरह से लीक न हो, इस बात का विशेष ध्यान रख रहे हैं। बाघ की मौजूदगी की जानकारी लीक नहीं होने देने की वजह बाघ को शिकारियों से बचाने के साथ उसे देखने जाने वाले लोगों के हुजूम को रोकना है। बाघ की लोकेशन सार्वजनिक होने की वजह से शिकार का खतरा बढ़ जाएगा।

### एक हजार की जगह अब 21 आगजनी

गौरतलब है कि बलौदाबाजार वनमंडल में पिछले दो वर्षों में क्रमशः 12 सौ तथा 11 सौ से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हुई थीं। बाघ की मौजूदगी की वजह से वनकर्मी लगातार जंगल में गश्त कर रहे हैं। इसके चलते किसी जगह आग लगने की जानकारी मिलने पर वनकर्मी तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा रहे हैं। गौरतलब है कि शिकारी भी शिकार करने जंगल में आग लगाने की घटना को अंजाम देते हैं। जंगल में वनकर्मियों की मौजूदगी की वजह से शिकारी शिकार करने अपने किसी भी तरह के मंसूबों में कामयाब नहीं हो रहे।

# आचार संहिता ने रोका घर-घर शौचालय का निर्माण, 474 परिवारों की अटकी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत रायपुर जिले में फेज-2 अंतर्गत 11557 परिवारों ने अपने घरों में शौचालय निर्माण कराने के लिए आवेदन किए थे। इन आवेदनों का सत्यापन कराने के बाद स्वीकृति दी गई, जिसके बाद इनमें से 11083 परिवारों को प्रोत्साहन राशि भी जारी कर दी गई।

इस राशि के सहयोग से उन घरों में शौचालय का निर्माण भी कराया है, लेकिन इनमें से 474 परिवारों को अब तक प्रोत्साहन राशि मिल नहीं पाई है। इसके कारण इन परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण भी नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शेष परिवारों के लिए भी फंड आ चुका है, पर आचार संहिता के कारण हितग्राहियों को यह राशि जारी नहीं की गई है। आचार संहिता शुक्रवार को हट जाएगी। इसके बाद शेष हितग्राहियों को भी जल्द प्रोत्साहन राशि जारी कर दी जाएगी।

### फेज-1 में एक लाख 75 हजार से ज्यादा घरों में बने शौचालय

देश के सभी गांवों को खुले में शौच मुक्त करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) यह योजना लाई है। यह योजना उन परिवारों के लिए लाई, जिनके घर में शौचालय नहीं थे। इसके कारण उन घरों के सदस्यों को घर के बाहर सार्वजनिक खुली जगह पर शौच करने जाना पड़ता था, जिसके कारण गांव में गंदगी होती थी। यह योजना शुरू होने के साथ फेज-1 में वर्ष 2014 से 2020 तक रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से 175663 आवेदन आए थे, जिनका सत्यापन करने के बाद प्रति परिवार को 12 हजार रुपये की दर से कुल 210 करोड़ 79 लाख 56 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

### ओडीएफ प्लस का दर्जा दिलाना मुख्य उद्देश्य

स्वच्छ भारत मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य गांव को खुले में शौच से मुक्त कर उसे ओडीएफ प्लस का दर्जा दिलाना है। ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त करने के लिए गांव के प्रत्येक घर में शौचालय होना चाहिए, ग्राम पंचायत में कम से कम एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण तथा उस गांव में खुले शौच पर पूर्ण पाबंदी होना चाहिए।

### जल्द जारी करेंगे शेष हितग्राहियों को राशि

आचार संहिता के कारण राशि जारी करने की प्रक्रिया अटकी हुई थी। जिन हितग्राहियों को राशि जारी नहीं हो पाई है, उन्हें जल्द जारी कर देंगे।

- **विश्वदीप,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच के पहले सट्टे की पिच तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईपीएल क्रिकेट मैच समाप्त होते ही अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप मैच का आगाज हो गया है। टी-20 वर्ल्ड कप मैच शुरू होने के पूर्व ही ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह सट्टा संचालित करने सक्रिय हो गए हैं। राज्य में वर्तमान में महादेव सट्टा एप के 12 से 13 बुक संचालित होने की जानकारी मिली है। सट्टा बुक के अलग-अलग डोमेन के माध्यम से महादेव सट्टा एप के राज्य में 120 से ज्यादा पैनल संचालित होने की जानकारी मिली है।

■ छत्तीसगढ़ में टी-20 मैच के लिए महादेव के सवा सौ पैनल संचालित

सट्टा एप को रोकने पुलिस ने पूर्व में कई बड़ी कार्रवाई भी की है, बावजूद इसके राज्य में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित हो रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका में चल रहे टी-20 मैच में भारत तथा पाकिस्तान का मुकाबला रविवार को होगा। भारत तथा पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के रोमांचक होने के आसार हैं। इसी बात का फायदा उठाने सटोरिये सक्रिय हो गए हैं। लोगों के रोमांच का फायदा उठाने महादेव सट्टा एप अपने छद्म नाम के अलग-अलग बुक के माध्यम से यहां सट्टा संचालित कर रहे हैं। महादेव सट्टा एप संचालित करने वाले अलग-अलग डोमेन के माध्यम से सटोरियों को पैनल बेचकर सट्टा संचालित कर रहे हैं।

### रोजाना इतने करोड़ का ट्रांजेक्शन

राज्य में सट्टा संचालित करने जितने पैनल वर्तमान में ऑपरेट हो रहे हैं, उस लिहाज से सट्टा के माध्यम से नियमित 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का ट्रांजेक्शन हो रहा है। रुपयों का ट्रांजेक्शन फेक आईडी के माध्यम से बैंकों में खोले गए अकाउंट तथा हवाला के माध्यम से किया जा रहा है।

### ट्रेस करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

सट्टा संचालित करने अलग-अलग बुक के जिन डोमेन से पैनल बांटा जा रहा है, उन डोमेन का हर चौथे-पांचवे दिन आईडी पासवर्ड बदले जा रहे। इसके अलावा पैनल का आईडी पासवर्ड हर दिन बदल रहे हैं। कई बार तो ऐसी स्थिति निर्मित होती है कि पैनल के आईडी पासवर्ड दिन में पांच से छह बार बदल देते हैं। इसके चलते साइबर सेल की टीम भी क्रिकेट सट्टा से संचालित बुक तथा डोमेन को ट्रेस नहीं कर पा रही है।

### सटोरियों पर रखी जा रही नजर

टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत तथा पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को ध्यान में रखते हुए साइबर सेल के माध्यम से सटोरियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा मुखबिरों की मदद से सटोरियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

- **संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम

# लोन की पूरी राशि चुकाने के बाद भी बैंक हर माह लगा रहा था पेनाल्टी, शिकायत पर ओबीसी आयोग ने दिलाया न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में लोन की पूरी राशि अदा करने के बाद भी बैंक के एक व्यक्ति पर लोन की तीन किस्त का भुगतान करने तथा किस्त नहीं देने पर हर माह पेनाल्टी लगाकर उससे जबरन पैसे ऐंठने तथा एनओसी नहीं देने का मामला सामने आया है। बैंक की इस मनमानी से परेशान होकर कर्जदार ने इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में कर दी।

इस शिकायत पर आयोग की ओर से जब बैंक प्रबंधन को नोटिस गया, तो इससे वहां हड़कंप मच गया। आयोग की पहली सुनवाई के दौरान ही बैंक प्रबंधन ने अपनी गलती मान ली और पीड़ित कर्जदार को उसी दिन न केवल लोन का पूरा भुगतान करने के एवज में एनओसी दी, बल्कि पेनाल्टी के रूप में उससे वसूल चुकी रकम लौटाने के लिए भी राजी हुआ। रायपुर निवासी सोहन कुमार साहू ने रवि भवन जयस्तंभ चौक स्थित इंडसइंड बैंक शाखा से कार लेने के लिए लोन फाइनेंस कराया था। लोन फाइनेंस कराने के बाद ही कोविड काल शुरू हो गया। इसके कारण बैंकों में लोन ले चुके ग्राहकों को तीन माह की किस्त चुकाने में छूट दी गई थी, लेकिन सोहन इस छूट का लाभ नहीं लेकर कोरोना काल में भी नियमित रूप से किस्त चुकाता रहा। इस दौरान उसकी लोन की पूरी किस्त भी अदा हो गई, लेकिन बैंक प्रबंधन ने यह कहते हुए उस पर तीन माह की किस्त के साथ पेनाल्टी लगाना शुरू कर दिया कि कोरोना काल में तीन माह की छूट की राशि उसने अब तक जमा नहीं की है। इसके एवज में वह इन किस्तों की पेनाल्टी भी लगाना शुरू कर दिया। कर्जदार ने यह सोचकर पहले तीन माह की पेनाल्टी का पैसा चुका दिया कि कोरोना काल के दौरान लोन ब्याज की दरें घटी व बढ़ी थीं। इसके कारण बैंक ने उस पर पेनाल्टी लगाया है, लेकिन जब वह एनओसी लेने के लिए बैंक पहुंचा, तो उसे बताया गया कि उसने कोरोना काल में तीन माह की किस्त अदा नहीं की है। यह सुनकर वह भी हैरान हो गया। उसने बैंक प्रबंधन को जानकारी भी दी कि उसने कोरोना काल में भी किस्त अदा की है, लेकिन प्रबंधन ने उसकी नहीं सुनी। इस पर सोहन ने आयोग का दरवाजा खटखटाया, जहां उसे न्याय भी मिला।



■ आयोग की पहली सुनवाई के दौरान ही बैंक प्रबंधन ने अपनी गलती मान ली

### आयोग के नोटिस के बाद आयुर्वेद कॉलेज में मिला प्रवेश

आयोग में अमलीडीह रायपुर निवासी शिल्पा सोनी ने शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश लेने के लिए आवेदन किया था, लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने उनके पिता जो शासकीय विभाग में ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी वार्षिक आय 8 लाख से ज्यादा है, को कारण बताते हुए प्रवेश देने से इनकार कर दिया। शिल्पा सोनी की इस शिकायत पर आयोग ने कॉलेज प्रबंधन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा। इस नोटिस के बाद प्रबंधन ने देर किए बिना ही छात्रा को प्रवेश दे दिया। आयोग के सचिव बीरू कुमार साहू ने बताया कि जिस नियम का हवाला देकर कॉलेज प्रबंधन ने छात्रा को प्रवेश देने से मना किया था, ऐसा नियम ही नहीं है। प्रबंधन जानकारी के अभाव में इस तरह की गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण छात्रों को परेशानी होती है।

# आधी रात सड़क पर उतरे पत्रकारिता विवि के छात्र आरोप-10 बजते ही बंद हो जाती है पानी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पत्रकारिता विवि के छात्र एक बार फिर से पानी को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। बुधवार देर रात पानी खत्म होने के बाद छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार मध्यरात्रि के बाद गुरुवार तड़के तक छात्र सड़क पर ही बैठ रहे। छात्रों का आरोप है कि रात 10 बजने के बाद पानी की सप्लाई बंद हो जाती है। यदि इसके पूर्व टंकी में पानी भरा हुआ है, तब कोई दिक्कत नहीं आती है। लेकिन यदि रात्रि में 10 बजने के बाद टंकी में पानी समाप्त हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा दोबारा मोटर चालू नहीं किया जाता है। गर्मी के कारण पानी की खपत अधिक होती है। ऐसे में देर रात भी पानी की आवश्यकता छात्रों को होती है। इसके अलावा प्रदर्शन पर बैठे छात्रों ने दुर्व्यवहार का आरोप भी प्रबंधन पर लगाया है। छात्रों का आरोप है कि उनके मुख्य द्वार के बाद रोड पर धरने में बैठने के दौरान गार्ड द्वारा गेट में ताला लगा दिया गया था। यही नहीं, कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी बात सुनने नहीं आया। वहीं विवि प्रबंधन का कहना है कि हॉस्टल या विवि प्रबंधन में पानी की किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। छात्रों द्वारा इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अवगत नहीं कराया गया है।



### दूसरे पखवाड़े से परीक्षाएं

*पत्रकारिता विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं जून के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ हो रही हैं। छात्रों का कहना है कि पानी की किचकिच के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कैंटिन नहीं होने के कारण उन्हें खाना भी खुद ही बनाना पड़ता है। ऐसे में पानी खत्म ना हो जाए, इसलिए पहले से खाना बनाने के लिए पानी भरकर रखना पड़ता है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब पत्रकारिता विवि के छात्र पानी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे हो। इसके पूर्व भी कुछ माह पूर्व पानी की समस्या को लेकर इसी तरह रात्रि में छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया था। उस दौरान खराब मोटर को ठीक करवाकर पानी की दिक्कत दूर की गई थी।*

### जानकारी मांगी है

छात्र इस तरह की कोई समस्या लेकर हमारे पास नहीं आए हैं। हमने संबंधित सुरक्षा अधिकारी से रात्रि में हुए प्रदर्शन को लेकर जानकारी मांगी है। इसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

-**डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी**
मीडिया समन्वयक, केटीयू

## पेज 7 के शेष

### विजय ने रचा इतिहास, दूसरी ...

**मतदाताओं का माना आभार:** दुर्ग लोकसभा के सांसद व भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल का कहना है कि मेरी जीत श्रेय पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को जाता है। जनता ने मुझे दोबारा सांसद बनाया है। इसके लिए उनका आभारी हूं। जो भी विकास कार्य लंबित हैं और शुरू होना है उस पर कार्य किए जाएंगे। रिकार्ड मतों को लेकर भाजपा प्रत्याशी बघेल ने कहा कि मेरी रिकार्ड जीत सुनिश्चित थी। सभी समाज के लोगों का सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का असर दुर्ग लोकसभा की जनता पर खासा रहा। जिसकी वजह से पिछले रिकार्ड को तोड़ने में सफलता मिली है।

**23 प्रत्याशी नहीं बचा पाए अपनी जमानत :** लोकसभा चुनाव मैदान में कुल 25 प्रत्याशी मैदान में थे। प्रमुख मुकाबला भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल और कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के बीच रहा। शेष 23 प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। कई प्रत्याशियों को तो हर राउंड में केवल एक- दो ही वोट मिले।

### कलेक्टर ने किया ...

उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र से लोगों को पारंपरिक और प्राकृतिक चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी, जो आधुनिक चिकित्सा के साथ मिलकर समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है। उन्होंने सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को केंद्र के संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह केंद्र न केवल जिले के लोगों के लिए बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी एक वरदान साबित होगा।

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

